# तमिलनाडु के माननीय मुख्यमंत्री ने नॉर्थ चेन्नई 800 मेगावाट सुपरक्रिटिकल पावर परियोजना के बॉयलर लाइट-अप का उद्घाटन किया

नई दिल्ली, 12 मार्च: भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने तमिलनाडु के माननीय मुख्यमंत्री, श्री ए. के. पलानीस्वामी की गरिमामयी उपस्थिति में 1x800 मेगावाट नॉर्थ चेन्नई थर्मल पावर स्टेशन (एनसीटीपीएस) स्टेज III के बॉयलर को लाइट-अप किया।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में श्री पी. थंगामणि; माननीय विद्युत, मद्य निषेध और आबकारी मंत्री (तमिलनाडु सरकार), श्री राजीव रंजन, आईएएस, मुख्य सचिव (तमिलनाडु सरकार), श्री एस. के. प्रभाकर, आईएएस, ऊर्जा सचिव (तमिलनाडु सरकार) और श्री पंकज कुमार बंसल, आईएएस, सीएमडी (टेनजेडको) के सहित तमिलनाडु सरकार, टेनजेडको एवं बीएचईएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया।

उल्लेखनीय है कि एनसीटीपीएस स्टेज-III परियोजना तमिलनाडु राज्य की उच्चतम रेटिंग वाली सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर परियोजना है एवं यह राज्य की पहली सुपरक्रिटिकल परियोजना है जिसका बॉयलर लाइट-अप किया गया। बीएचईएल टेनजेडको के 2x660 MW एन्नोर एसईज़ेड, 2x800 MW उप्पुर और 2x660 MW की उडानगुड़ी परियोजना को भी निष्पादित कर रहा है। ध्यातव्य है कि इन सभी आदेशों को बीएचईएल ने कड़ी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक बोली (आईसीबी) के आधार पर प्राप्त किया था।

इन नई परियोजनाओं के कार्यान्वयन से तमिलनाडु में विकास को बढ़ावा मिलेगा और राज्य के नागरिकों को सुलभ विद्युत आपूर्ति संभव होगी। बीएचईएल, टेनजेनको की कोयला आधारित विद्युत उत्पादन क्षमता में 83% की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी रखता है और तमिलनाडु के विद्युत उत्पादन क्षेत्र में एक प्रमुख भागीदार है।

एनसीटीपीएस स्टेज III परियोजना में बीएचईएल के कार्यक्षेत्र में मुख्य प्लांट पैकेज का डिजाइन, इंजीनियरिंग, विनिर्माण, आपूर्ति, इरेक्शन, कमीशनिंग और सिविल निर्माण कार्य शामिल हैं।

बीएचईएल विभिन्न केंद्रीय एवं राज्य के साथ-साथ निजी क्षेत्र के उपयोगकर्ताओं से सुपरक्रिटिकल बॉयलरों के 56 सेटों और सुपरक्रिटिकल टरबाइन जनरेटर के 51 सेटों के आदेशों को प्राप्त कर देश में अग्रणी विद्युत उपकरण निर्माता है।